आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 26.11.2025 **समय: 02.10 PM**

संविधान दिवस

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज संविधान दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली स्थित संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भारतीय संसद विश्व के कई देशों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में संसद ने यह प्रदर्शित किया है कि लोगों की आकांक्षाओं को कैसे पूरा किया जाए। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान, स्वतंत्रता संग्राम में शामिल लाखों देशवासियों के सामूहिक ज्ञान, बलिदान और सपनों का प्रतीक है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि संविधान के मार्गदर्शन में देश सुशासन और सामाजिक-आर्थिक विकास की परिवर्तनकारी यात्रा पर अग्रसर है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, उड़िया और असमिया सहित नौ भाषाओं में संविधान का अनुवादित संस्करण जारी किया। इधर प्रदेश मे भी संविधान दिवस पर संविधान की प्रतिज्ञा ली गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'संविधान दिवस' की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को सदा याद रखना चाहिए कि संविधान केवल अधिकार नहीं देता है, बल्कि उसमें महान कर्तव्यों व अनुशासन की प्रेरणा भी है।

आकाशवाणी की नई पहल

अब मालवांचल की खबरें आपकी अपनी मालवी बोली में। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन और आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव जैन आज आकाशवाणी उज्जैन के नए केंद्र का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर के साथ ही श्रोता पहली बार मालवी बोली में समाचार सुन सकेंगे, जो क्षेत्रीय बोली और संस्कृति के संरक्षण को मजबूती देगा। मालवी समाचारों का प्रसारण आज से प्रतिदिन शाम 07 बजकर 20 मिनिट पर किया जाएगा। इसे श्रोता उज्जैन के एफएम बैंड 102.5 मेगा हर्ट्ज पर सुन सकेंगे। मालवांचल के लिए यह नई पहल आकाशवाणी की क्षेत्रीय पहुंच को और सशक्त बनाएगी।

श्रम कानून प्रतिक्रिया

ग्वालियर के कर्मचारी सुषमा रावत ने श्रम संहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे करोड़ों श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल में क्रांतिकारी बदलाव होगा।

एसआईआर

शहडोल जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक 74 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन का काम हो चुका है। इस बीच 60 बीएलओ ने गणना पत्रकों का 100 फीसदी काम पूरा कर चुके हैं। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी केदार सिंह ने काम पूरा करने वाले बीएलओ को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर रहे हैं। मंगलवार को 4 और बीएलओ को सम्मानित किया गया।

वाटर स्पोर्ट्स

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज भोपाल में आयोजित '8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स एवं 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सुविधा मुहैया कराई जा रही है। यह प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर तक आयोजित की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

1- सतना में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर डॉ सतीश कुमार की उपस्थिति में अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया।
2- शिवपुरी में जिला रोजगार कार्यालय, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में कल एडीआर भवन में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।
3- रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से दुष्कर्म मामले में आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं होने के चलते पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे हटा दिए गए हैं, आशुतोष गुप्ता नए एसपी होंगे।